महत्वपूर्ण एवं खास

13 पाव देशी शराब जब्त, मामला कायम

रायपुर (आरएनएस)। शहर में अवैध रूप से मदिरा की तस्करी आये दिन होती रहती है। तेलीबांधा थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र बंजारे आयु 37 वर्ष पिता श्याम रतन बंजारे निवासी जोरा तेलीबांधा से स्कूटर में जाते समय 13 पाव देशी शराब जब्त किया गया है। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ तेलीबांधा थाने ने आबकारी एक्ट 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

नाबालिग का अपहरण

रायपुर (आरएनएस)। शहर में कम उम्र की नाबालिग किशोरियों के साथ जोर जबर्दस्ती बहला फुसलाकर प्रलोभन देकर अपहरण करने की वारदातें बढ़ रहीं हैं। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त क्षेत्र से नाबालिग 16 वर्षीय कन्या का अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 18/20 के तहत आईपीसी की धारा 363 के तहत मामला कायम किया है।

पिस्टल लेकर घर घुसा युवक, लड़की को साथ ले जाने की फायरिंग

जांजगीर (आरएनएस)। जिले के हसौद के कैथा गांव में आज एक युवक ने पिस्टल दिखाकर परिजनों को धमकाया, और लड़की को साथ ले जाने की नाकाम कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बता दें, कि आरोपी युवक गोलू बालोनिया इंदौर का रहने वाला है, जो कि पिस्टल के दम पर लड़की को साथ ले जाना चाहता था, युवक पिस्टल लेकर लड़की के घर में घुसा था, इतना ही नही अपनी धौंस दिखाने और घरवालों सहित आसपास के लोगों में खौफ पैदा करने के लिए पिस्टल से फायर कभी की, लेकिन वह अपने इरादे में कामयाब नही हो सका, और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

निर्माणाधीन मकान से 1 लाख की चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सुनसान क्षेत्रों में बन रहे आवास स्थलों पर विशेषकर निर्माणाधीन स्थलों पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात आए दिन होती रहती है। कबीर नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार कुमार मुकुल 45 वर्ष पिता सिया वल्लभ चौधरी के मकान नंबर 372 एमआईजी फेस-2 में निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने सूने मकान की खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश कर नल पाइप सेट्रिंग सहित एक लाख रुपये के सामान की चोरी की । उक्त मामले में कबीर नगर थाने ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457 एवं 380 के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अज्ञात हाइवा और ट्रक की टक्कर से दो की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार हाईवा एवं ट्रक की टक्कर से अलग-अलग स्थान में रहने वाले दो लोगों की मौत हो गई। खरोरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार हाइवा ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर विनोद विश्वकर्मा आयु 20 वर्ष पिता नेतराम विश्वकर्मा निवासी भैंसमुड़ी डबरी को जोरदार टक्कर मारी जिससे विनोद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उक्त मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात हाईवा चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला कायम किया है। इसी तरह मोहम्मद सदिक रजा 32 पिता मोहम्मद सफीक निवासी हलवाई लाइन गोल बाजार रायपुर को खरोरा से रायपुर बाइक से लौटते वक्त अज्ञात ट्रक चालक क्रमांक सीजी 07 -बीएल /3329 द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारी जिससे सदिक रजा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उक्त मामले में भी पुलिस ने प्रार्थी अय्युब खान ग्राम माठ खरोरा के द्वारा शिकायत करने पर आईपीसी की धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कम मात्रा में शराब देने पर क्रेता को मिली जान से मारने की धमकी

रायपुर (आरएनएस)। शराब दुकानों के सेल्समैन द्वारा आये दिन शराब खरीदने आये क्रेताओं के साथ शराब बिक्री के दौरान अधिक मूल्य वसूलने या कम मात्रा में शराब देने पर विवाद एवं झगड़े की स्थिति निर्मित होती रहती है। इसी कड़ी में अभनपुर थाने से मिली जानकारी के अनुसार तुलसीराम बंजारे आयु 35 वर्ष पिता सुदर्शन बंजारे निवासी देशी शराब भट्टी के पास छोटे ओरला द्वारा ग्राम के समीप ही देशी शराब भट्टी के सेल्समैन गोपी साहू से तीन पाव शराब मांगने पर दो पाव शराब ही दी गई। प्रार्थी द्वारा एक पाव शराब और मांगने पर सेल्समैन और वहां स्थित कर्मियों द्वारा प्रार्थी से मारपीट एवं गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी - चौबे

» कृषि मंत्री चौबे ने राज्य सेवा परीक्षा में चयनित युवाओं को किया सम्मानित

रायपुर। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज राजधानी रायपुर स्थित शहीद स्मारक भवन में एक निजी कोचिंग संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में राज्य सेवा परीक्षा में चयनित युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री श्री चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज, श्रम तथा वन आदि प्राकृतिक सम्पदाओं से भरपूर राज्य है। इसे देश के समृद्धि राज्य के रूप में पहचान देने में वे अपनी प्रशासनिक दक्षता का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक योगदान दें। श्री चौबे ने राज्य सेवा परीक्षा में चयनित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। आत्मविश्वास, अनुशासन और कड़ी मेहनत से व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है। उन्होंने अवगत कराया कि खुद की मेहनत व्यक्ति की सफलता की सबसे बड़ी पूंजी होती है। व्यक्ति के जीवन में उन्नति के अनेक अवसर भरे हुए हैं। यदि जीवन में कुछ हासिल करना है तो लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने के लिए पूर्ण मनोयोग से जुट जाना चाहिए। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री चौबे ने राज्य सेवा में चयनित सभी अधिकारियों को को आव्हान किया कि वे समाज के कमजोर वर्ग के लोगों और जरूरतमंदों की तत्परता से सेवा को अपनी पहली प्राथमिकता में रखकर कार्य करें। इसके तहत हर दिन एक गरीब के आंसू पोछने के कार्य को अपना मुख्य ध्येय बनाएं। उनकी कठिनाईयों और समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका तत्परता से निराकरण की कार्रवाई करें। इस अवसर पर श्री चौबे ने राज्य सिविल सेवा परीक्षा में चयनित कु. अनिता सोनी, श्री राहुल शर्मा, श्री संदीप साव, श्री अभिषेक अग्रवाल, कु. शिखा आहूजा, सुश्री शशि नर्मदा, श्री कुलेश्वर पटेल, कु. जया मनु, कु. स्वाती पाण्डेय, श्री आशीष पटेल तथा श्री प्रशांत कुमार आदि को सम्मानित किया। कार्यक्रम को नगरपालिक निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर ने भी सम्बोधित करते हुए युवाओं के भविष्य को संवारने हेतु दिये जा रहे सही मार्गदर्शन की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रतियोगी छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धान खरीदी के अंतिम तिथि बढ़ने के बावजूद किसान परेशान

» हजारो किसान धान बेचने से होंगे वंचित

कांकेर (आरएनएस)। जिले के पखांजूर के बांदे लेम्प्स अंतर्गत छोटे-बेटिया धान संग्रहण केंद्र में शासन द्वारा धान खरीदी के अंतिम तिथि 15 से बड़ा कर 20 फरवरी तक कर दिये जाने के बावजूद किसानो की परेशानियां कम नही हो रही हैं। आज भी धान खरीदी केंद्र छोटे बेटिया में सैकड़ो किसानो का धान तौल नहीं हो पाया है। किसान अपनी मेहनत की फसल को बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र में आ रहे हैं, जहां ट्रेक्टर में 4-5 दिन पहले से धान भरकर धान खरीदी केंद्र के बहार इंतजार कर रहे हैं।

किसान सरदू पद्दा, लखमू बड्डे, उमराऊ नरेटी, धनीराम उसेंडी, विधान सरकार, जसिनता ईनोसेंत, अखिलेश नरेटी, बलराम तिग्गा, खगेन्द्र कुमार, जुलेबाई, सचिन्द्र मांडवी, दर्सुराम मांडवी ने बताया कि ट्रेक्टर में धान भरकर दो-तीन दिन से खड़ा हैं, ट्रेक्टर बाले का भाडा बढता ही जा रहा हैं। कब तक लोड गाड़ी लेकर खड़ा रहेगा धान लेकर आये किसान स्वयं हमालों का सहयोग कर रहे हैं। हामालो के साथ-साथ स्वयं धान का तौल करके स्टेक में चढ़ा रहे हैं, जिससे किसान अपना धान 20 फरवरी से पहले बेच सके लेकिन एसा संभव होता नही दिखता है। इसी लिए किसानों का कहना है कि अगर शासन और कुछ दिन समय दे दे तो सभी किसान अपनी मेहनत की फसल को बेच सकेंगे। शासन द्वारा धान खरीदी के अंतिम तिथि 15 से बड़ा कर 20 फरवरी तक कर दिये जाने के बावजूद किसान अपनी फसल समय पर नही बेच पाने के सशंय को लेकर परेशान हैं।

डोंगरगांव में तीन दिवसीय लोक मड़ई एवं कृषि मेला का कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने किया शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। कृषि और जलसंसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने विगत दिवस डोंगरगांव के जनसेवा मैदान में तीन दिवसीय लोक मड़ई और कृषि मेला 2020 का शुभारंभ किया।

समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद किसानों में नया आत्मविश्वास जागृत हुआ है। सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ बिजली बिल हाफ 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत, धान बोनस के वितरण से किसानों के आत्मसम्मान में वृद्धि हुई है और उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। जिस दिन मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व में सरकार बनी उसी दिन से किसानों और जनता को महसूस हुआ कि अब उनका राज आया है। चौबे ने कहा कि किसानों की सोच के अनुरूप हमारी सरकार कार्य करती है। खेती-किसानी और किसानों की बेहतरी के लिए प्रदेश ने नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना शुरू की है। यह योजना किसानों की तकदीर बदलेगी।

चौबे ने कहा कि खेतों की सिंचाई में जल संसाधन का बेहतर से बेहतर उपयोग करने व्यापक कार्य योजना बनाई गई है। प्रदेश में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगभग 5 हजार गौठान विकसित किए जा रहे हैं। गांवों के आस-पास बहने वाले नदी-नालों को पुनर्जीवित कर भू-जल का स्तर बढ़ाया जाएगा। प्रदेश में कृषि का विकास करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेती पर आधारित रोजगार को बढ़ावा देने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

भालुओं के हमले से दो ग्रामीणों की मौत,2 घायल

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में। जंगली जानवरों का हमला थम नहीं रहा है। छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले के ओड़गी वन परिक्षेत्र में भालुओं का आतंक देखा गया। वन परिक्षेत्र के धड़सेरी गांव में भालू ने एक छात्र सहित 4 लोगों को हमला कर दिया। जिसमें दोनों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को ओड़गी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका ईलाज जारी है। मृतकों में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र भी शामिल है। मृतक जंगल मे जानवर चराने गए थे। वन विभाग का अमला मौके पर पहुँचकर मामले की जानकारी ले रहा है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर मृतकों को मुआवजा राशि देने की घोषणा की है।

नाबालिग छात्राओं को धमकाकर प्राचार्य ने की अश्लील हरकत, परिजनों ने लिखाई रिपोर्ट

बिलासपुर (आरएनएस)। हिर्री क्षेत्र के खजुरी हाईस्कूल में गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया है, स्कूल का प्रभारी प्राचार्य छात्राओं को अकेले बुलाकर अश्लील हरकत करता था। छात्राएं जब ऐसा करने से मना करतीं, तब वह उन्हें धमकी देता था। नाबालिग छात्राएं करीब सात माह तक प्राचार्य के शोषण का शिकार होती रहीं। आखिरकार किसी तरह उनके परिजन को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने इसकी शिकायत थाने में की, जिसके बाद प्राचार्य के खिलाफ पुलिस ने छेड़खानी का अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक बिल्हा-हिर्री क्षेत्र के मंगला कोड़ापुरी निवासी विद्यानंद साहू शासकीय हाईस्कूल खजुरी में प्रभारी प्राचार्य है। वह बीते जुलाई माह से स्कूल की नाबालिग छात्राओं पर बुरी नजर रखने लगा था। इसके चलते वह छात्राओं को अलग-अलग अकेले में बुलाकर मौका पाकर अश्लील हरकत करता था। प्रभारी प्राचार्य विद्यानंद इस तरह से सात से अधिक छात्राओं को अपने शोषण का शिकार बना लिया था।

बस और स्कूटी में आमने सामने की भिड़ंत, दो की मौत,एक गम्भीर

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के सकरी थाना क्षेत्र के भरनी रोड पर रविवार सुबह एक बस और स्कूटी (मेस्ट्रो) की आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें स्कूटी सवार दो लोगो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही एक गंभीर रूप से घायल है।राहगीर की सूचना पर डायल 112 ने घायल को अस्पताल पहुचाया। मामला सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भरनी सीआएपीएफ गेट से पहले सर्वमंगला प्लाट के सामने का है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परसदा बस्ती निवासी सुबह सुरेश कैवर्त पिता चैतू, रामायण कैवर्त पिता भगउ कैवर्त सतानंद कैवर्त पिता मुनीम तीनो अपनी मेस्ट्रो गाड़ी में कोटा की तरफगए थे वो दस बजे के आस-पास वापस परसदा आ रहे थे सीआरपीएफ गेट के पहले सर्वमंगला प्लाट पहुचे थे । तभी बिलासपुर की ओर से आ रही जयदीप ट्रेवल्स की बस क्रमांक सी.जी.10 आर 5500 और मेस्ट्रो आमने सामने टकरा गई भिड़ंत इतनी भयानक थी कि मौके पर ही सुरेश कैवर्त एवं रामायण कैवर्त की मौत हो गई जबकि उनका साथी सतानंद गंभीर रूप से घायल है । घटना के बाद बस का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया गनीमत ये रही कि किसी यात्री को चोट नही लगी दुर्घटना कर समय बस यात्रियों से भरी हुई थी।दुर्घटना की सूचना किसी ने डायल 112 को दी 112 ने घायल सतानंद को अस्पताल में भर्ती कराया।

शिक्षक हुआ ठगी का शिकार, खाते से उड़ाए 4 लाख रुपए

जशपुर (आरएनएस)। एक शिक्षक ठगी का शिकार हो गया है। शिक्षक के खाते से एक ठग चार लाख से अधिक राशि आहरित कर लिया है। यह मामला जशपुर जिले के फरसाबहार थाना क्षेत्र का है। ठगी का शिकार शिक्षक फरसाबहार थाना क्षेत्र के बनगांव का रहने वाला है। वर्तमान मे शिक्षक फरसाबहार तहसील के सिसरिंगा मीडिल स्कूल मे पदस्थ है। ठगी का शिकार शिक्षक पुलिस को बताया कि वह बनगांव का रहने वाला है। माध्यमिक शाला सिसरिंगा में शिक्षक पंचायत के पद पर पदस्थ है। उसका बचत खाता क्र. 30426736329 है, भारतीय स्टेट बैंक फरसाबहार में संचालित है । उक्त खाता में वेतन प्रति माह की रकम 48,419 रू. जमा होता है । 29 फरवरी 2020 को मोबाईल नं. 8101746020 से घर के मोबाईल नं. 7723028763 में काल आया और उसे बोला गया कि सिम को निकाल कर स्मार्ट फोन में डालिये जिसका सत्यापन करना है । तब उक्त सिम को स्मार्ट फोन में डाला जिसके बाद पुनः उसी मोबाईल नम्बर से काल आया और मोबाईल गुगल सत्यापित कोड 171080/606008/ 770719 को बताकर मेरे मोबाईल से मैसेज करने बोला गया मैं मैसेज कर दिया।

» भूपेश बघेल ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में 'लोकतान्त्रिक भारत में जाति और राजनीति' विषय पर दिया व्याख्यान

आर्थिक और सामाजिक मजबूती के लिए मनखे-मनखे एक समान के आदर्श पर चलना होगा- भूपेश बघेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज हार्वर्ड विश्वविद्यालय के भारत सम्मेलन में शामिल हुए। श्री बघेल यहां 'लोकतान्त्रिक भारत में जाति और राजनीति' विषय पर आयोजित चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कहा कि किसी भी देश का भूगोल उस देश की अर्थव्यवस्था तय करता है, भूगोल और अर्थव्यवस्था वहां की राजनीति और ये तीनों मिलकर इतिहास बनाते है और यह सब उस देश की संस्कृति तय करती है।

हम को जाति और राजनीति भी इसी परिपेक्ष्य में देखना चाहिए। भारत में जाति और राजनीति परंपरा से दो बिन्दुओं पर निर्धारित करती है। जाति उत्पादन के साधन और अधिकार, दूसरा सम्मान पूर्वक जीने का गौरव, वहीं राजनीति आर्थिक सुरक्षा और सांस्कृतिक उत्थान निर्धारित भी करती है और प्रभावित भी करती है। छत्तीसगढ़ एक उदाहरण है जिसमें अनेक जातियां साथ-साथ रहती है और छत्तीसगढ़ के विकास में अपना योगदान दिया है।

संत, महापुरूषों का प्रभाव भी इसमें पड़ा है। हमारे छत्तीसगढ़ में संत कबीर का प्रभाव, गुरू घासीदास जी, स्वामी आत्मानंद जी का प्रभाव रहा है। गुरू घासीदास जी ने कहा था मनखे-मनखे एक समान। यह बात आप छत्तीसगढ़ में देख सकते है। यहां किसी प्रकार का भेदभाव नही है। यहां जाति व्यवस्था है लेकिन जाति वैमनस्यता कहीं देखने को नही मिलेगी। यह छत्तीसगढ़ की खासियत है। जातियों को जब तक राजनीति में पर्याप्त प्रतिनिधित्व, उनकी जनसंख्या के आधार पर प्रजातंत्र में उनके अधिकार सुरक्षित नही किए जाएंगे तब तक हम उत्पादन के अधिकार और गौरवपूर्ण नागरिकता को लक्षित नही कर पाएंगे। इसलिए हम बाबा साहब अम्बेडकर के दिखाए रास्ते पर चलकर मजबूत राष्ट्र बना सकते है। जातियों की आर्थिक और सामाजिक मजबूती के लिए मनखे-मनखे एक समान के आदर्श को बढ़ाना पड़ेगा। प्रज्ञा, करूणा और मैत्री के आधार पर सामाजिक सरोकार को बढ़ाना होगा। गांव के स्वालंबन को गांधी जी के बताए रास्ते पर चलकर लाना होगा। समृद्व राष्ट्र और सम्मानित समाज का निर्माण करना होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरकान्त श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुमा सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्या मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धांतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पहिए ... न्यायसाखी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU